**बी डी एल-सी एस आर की पहल**

महिलाओं के लिए नौकरी-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण

<u>सरकारी स्कूल की कक्षाओं का डिजीटलीकरण का कार्य हाथ में लिया</u>




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने नैगमिक सामाजिक दायित्व (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत रू. 240 लाख के बजट से आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, विजयनगरम के माध्यम से महिलाओं को कपड़ा क्षेत्र में नौकरी-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। ।

विजयनगरम में 600 महिलाओं को जिले के दूरदराज के स्थानों में स्थित 10 केंद्रों के माध्यम से कपड़े सिलने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जो स्वरोजगार को सक्षम बनाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई किट और सामग्री प्रदान की गई।

बीडीएल के निदेशक (वित्त) श्री एन श्रीनिवासुलु ने आज विजयनगरम में आयोजित एक समारोह में प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

विजयनगरम में ही आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में बीडीएल ने अपनी सीएसआर पहल के तहत आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में 100 सरकारी स्कूल के क्लास रूमों का 300 लाख रुपये के बजट के साथ डिजिटलीकरण किया है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को दृश्य माध्यम से आसान शिक्षा प्रदान करना और शिक्षकों द्वारा छात्रों को समझाने के प्रयासों को कम करना है। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में शिक्षकों को उपयोगकर्ता मैनुअल और प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

बीडीएल के निदेशक (वित्त) श्री एन श्रीनिवासुलु ने आज इस आयोजन के अंतर्गत पोगिरी, राजममंडल, विजयनगरम में एक स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया।